वर्ष- 3 , अंक- 87
छपरा
19 फरवरी गुरूवार 2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live


### चीनी रोबोट को अपना बताकर विवाद में गलगोटिया यूनिवर्सिटीः

# सरकार ने एआई समिट कैम्पस खाली करने को कहा; पवेलियन की बिजली काटी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी को नई दिल्ली में चल रही एआई समिट के एक्सपो एरिया से बाहर कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली भी काट दी गई है।

दावा है कि यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था।



**वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ विवाद :** वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी ढ्ढ के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी 'यूनिट्री' का 'Go2' मॉडल है, जो बाजार में 2-3 लाख रुपए में उपलब्ध है।

**यूनिवर्सिटी ने माना, हमने नहीं बनाया ये डॉग :** वीडियो वायरल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने कहा- हमने लगातार कैंपस में बेहतरीन टेक्नोलॉजी लाने की कोशिश की है। क्यों? क्योंकि जब छात्र नई चीजें देखते हैं, तभी उनकी सोच विकसित होती है। और यही सोच नए रचनाकारों को जन्म देती है। हाल ही में यूनिट्री से लिया गया रोबोटिक डॉग इसी सफर का एक हिस्सा है। यह सिर्फ दिखाने के लिए रखी गई कोई मशीन नहीं है, यह एक चलता-फिरता क्लासरूम है। हमारे छात्र इस पर प्रयोग कर रहे हैं, इसकी क्षमताओं को परख रहे हैं और इस प्रक्रिया में अपना ज्ञान बढ़ा रहे हैं। हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि गलगोटिया ने यह रोबोटिक डॉग नहीं बनाया है और न ही हमने कभी ऐसा दावा किया है। लेकिन हम ऐसे दिमाग तैयार कर रहे हैं जो जल्द ही भारत में ऐसी ही टेक्नोलॉजी को डिजाइन करेंगे, उनकी इंजीनियरिंग करेंगे और उन्हें यहीं बनाएंगे। इनोवेशन की कोई सीमा नहीं होती। सीखने की भी नहीं होनी चाहिए।

### कांग्रेस बोली- मोदी सरकार ने दुनिया में देश का मजाक बनवाया

कांग्रेस ने इस मामले पर कहा कि मोदी सरकार ने ढ्ढ के मामले में दुनिया भर में भारत का मजाक बनवाया है। ढ्ढ समिट में चीन के रोबोट्स को हमारा बताकर दिखाया जा रहा है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। इससे भी ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि मोदी के मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसी झूठ में शामिल हैं और भारतीय समिट में चीन के रोबोट्स को प्रमोट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश की छवि को ऐसा नुकसान पहुंचाया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि भारत के टैलेंट और डेटा का सही इस्तेमाल करने के बजाय, यह ढ्ढ समिट एक बिखरा हुआ पीआर तमाशा बनकर रह गया है – जहां भारत का डेटा बिकने के लिए रखा है और चीन के प्रोडक्ट्स का दिखावा किया जा रहा है....

# 'पायजामे का नाड़ा खींचना दुष्कर्म की कोशिश', सुप्रीम कोर्ट ने पलटा इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि पायजामे का नाड़ा खींचना और स्तन छूना साफ तौर पर दुष्कर्म की कोशिश है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का विवादित फैसला भी पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि नाड़ा खींचना या तोड़ना सिर्फ दुष्कर्म करने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की और 10 फरवरी को उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने का आदेश दिया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो कानून के तहत आरोपियों के खिलाफ लगे सख्त आरोपों को भी बहाल कर दिया।

**क्या है मामलाः** 10 नवंबर 2021 को एक महिला ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह और उसकी 14 साल की नाबालिग बेटी उसकी ननद के घर से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान उनके गांव के ही पवन, आकाश और अशोक ने उनकी बेटी को मोटरसाइकिल पर घर छोड़ने की पेशकश की। महिला ने आरोप लगाया कि तीनों आरोपियों ने उसकी बेटी से छेड़छाड़ की और उसके पायजामे का नाड़ा भी खींच लिया। बच्ची की चीख सुनकर दो लोग वहां पहुंचे और उन्हें देखकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित



आदेश आपराधिक न्यायशास्त्र के तय सिद्धांतों के गलत इस्तेमाल के कारण रद्द किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए, पोक्सो कानून के तहत दो आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश के आरोप बहाल कर दिया।

पीठ ने फैसले में कहा, 'जो तथ्य बताए गए हैं, उन्हें देखते हुए, हम हाई कोर्ट के इस नतीजे से सहमत नहीं हो सकते कि आरोपी सिर्फ दुष्कर्म की तैयारी कर रहे थे, कोशिश नहीं।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन आरोपों को सिर्फ देखने से ही इस बात में जरा सा भी शक नहीं रह जाता कि आरोपियों ने दुष्कर्म की कोशिश के तय इरादे से ये सब किया। 17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है, और स्पेशल जज (POCSO), कासगंज का 23 जून, 2023 का असल समन ऑर्डर बहाल किया जाता है।

# 'सहमति से बने शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं', महिला के आरोपों पर कलकत्ता हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी



**कोलकाता,एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक पुरुष पर महिला की तरफ से लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों की सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया है। मामले में अदालत ने कहा है कि अगर शादी नहीं हो पाती है और रिश्ते टूट गया है, तो सिर्फ इसलिए ही आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंधों को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। मामले की सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि शुरुआत से ही धोखा देने का इरादा होना चाहिए था। जज ने आगे कहा कि जिस तरह से दोनों (महिला और पुरुष) व्यवहार कर रहे थे, उससे दोनों की आपसी सहमति के संकेत मिल रहे थे।

**16 फरवरी को हाईकोर्ट ने रद्द किया था केस :** जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार (16 फरवरी) को हाईकोर्ट ने आरोपी के खिलाफ दर्ज केस रद्द कर दिया। शख्स पर आरोप थे कि उसने शादी का वादा कर महिला के साथ दुष्कर्म किया और जबरन गर्भपात भी कराया है। इस मामले में जस्टिस चैताली चटर्जी (दास) की बेंच ने कहा कि जब दोनों साथ में घूमे और पति पत्नी की तरह रहे। ऐसे में यह आपसी सहमति दर्शाता है। कोर्ट ने कहा कि शुरुआत से ही धोखा देने या गलत इरादा होना चाहिए था, इसके तहत महिला को यौन संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया गया हो।

**'शिकायत करने के बजाए महिला ने रिश्ता जारी रखा' :** मामले में जज ने आगे टिप्पणी की कि जो रिश्ता साल 2017 में शुरू हुआ और 2022 में कड़वाहट आने तक जारी रहा। इस रिश्ते के दौरान, दोनों ने शारीरिक संबंध बनाए और तमाम जगहों पर घूमे और कई होटलों में पति-पत्नी की भी तरह रहे। दोनों ने यह भी स्वीकार किया गया है कि महिला गर्भवती हो गई थी और पीड़िता और आरोपी की सहमति से गर्भपात कराया गया था।' उन्होंने कहा, 'आरोपी के खिलाफ कोई शिकायत करने के बजाए महिला ने रिश्ता जारी रखा।

## वेल्लोर में कोल्लाई उत्सव के दौरान मंदिर का 60 फुट लंबा रथ पलटा, चपेट में आकर सात लोग घायल



**वेल्लोर,एजेंसी।** तमिलनाडु के वेल्लोर में एक मंदिर का 60 फुट लंबा रथ पलटने से उसकी चपेट में आकर सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा वेल्लोर में पलार नदी के किनारे आयोजित होने वाले वार्षिक कोल्लाई उत्सव के दौरान हुआ। हादसे में घायल हुए लोगों को अडुक्कम्पराई स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

**कैसे हुई घटना :** पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात के समय हुई, जब कात्पाड़ी के पास कंझिजुर से आ रहे रथ को अनुष्ठान जुलूस के बाद नदी के तल से सड़क पर खींचा जा रहा था। उसी समय रथ का संतुलन बिगड़ गया और वह एक तरफ झुक गया। जिसकी चपेट में आकर सात लोग घायल हो गए।

# अमित शाह ने गांधीनगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण

**गांधीनगर,एजेंसी।** गांधीनगर के सेक्टर-21 स्थित महाराष्ट्र भवन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि शिवाजी महाराज की यह प्रतिमा वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को साहस, रणनीति और 'स्वराज' के संकल्प की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की शौर्यगाथा और सुशासन के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं।

उन्होंने शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि जब देश का बड़ा हिस्सा गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब मात्र 16 वर्ष की आयु में शिवाजी महाराज ने रायरेश्वर महादेव मंदिर में 'हिंदवी स्वराज' की स्थापना का संकल्प लिया था। माता जीजाबाई के संस्कार और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने स्वतंत्रता और स्वाभिमान की नई राह



दिखाई।

अमित शाह ने कहा कि शिवाजी महाराज ने मंदिरों की रक्षा और पुनर्स्थापना का जो मार्ग दिखाया, उसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और सोमनाथ मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों का विकास किया गया है, जिससे सनातन परंपरा को मजबूती मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवाजी महाराज ने स्वभाषा को महत्व देते हुए प्रशासन में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दिया और भारतीय नौसेना की नींव रखने का कार्य किया। उन्होंने राष्ट्रीय शायर झवेरचंद मेघाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में शिवाजी महाराज की वीरता का वर्णन आज भी बच्चों और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाता है। मूर्तिकार की कला की सराहना करते हुए अमित शाह ने कहा कि शिवाजी महाराज की घोड़े पर अग्रसर होती हुई यह प्रतिमा अत्यंत जीवंत और भव्य है, जो गांधीनगर की शोभा बढ़ाने के साथ आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी।

इस मौके पर गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जगदीश विश्वकर्मा, गांधीनगर महापौर मीराबेन पटेल, विधायक रीताबेन पटेल, डिप्टी मेयर नटुजी ठाकोर, स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन गौरांग व्यास, गांधीनगर कलेक्टर मेहुल दवे, जिला पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासम शेट्टी, सोनलबेन शाह, महाराष्ट्र भवन के मैनेजिंग ट्रस्टी सुधीर रघुनाथ विचारे सहित महाराष्ट्र समाज के अनेक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सांसद गोगोई बोले- सीएम हिमंता असम के जिन्ना

### नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करें, जो भी भाजपा में गया, वह गैरजरूरी हुआ



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन करने जा रहे भूपेन कुमार बोरा पर कमेंट किया है। उन्होंने बुधवार को गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- सरमा ने बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता बताया है, हिमंता 'असम के जिन्ना' हैं, उन्हें नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करना चाहिए। गोगोई ने कहा- भाजपा में शामिल होने वाले नेता अपने राजनीतिक सफर में गैर जरूरी हो जाते हैं। ऐसा ही हाल असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का होगा। जो 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे। गोगोई ने कहा- जो नेता भाजपा में गए हैं, वे अप्रासंगिक हो गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल इसका उदाहरण हैं। एजीपी पार्टी भी लगभग खत्म होने की कगार पर है। भूपेन बोरा के भाजपा में जाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**यह लड़ाई असली कांग्रेस-पुरानी कांग्रेस के बीच :** गोगोई ने कहा है कि कांग्रेस एक मजबूत संगठन है और किसी एक नेता के जाने से पार्टी की चुनावी संभावनाएं प्रभावित नहीं होंगी। आगामी विधानसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं, बल्कि असली कांग्रेस और पुरानी कांग्रेस के बीच होगा। भाजपा में कई ऐसे नेता हैं, जो पहले कांग्रेस में थे और राज्य में 15 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े रहे।

**भूपेन बोरा का आरोप- गौरव गोगोई ने मुझे अपमानित किया :** इधर, कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने पार्टी नेतृत्व, खासकर गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बोरा ने कहा कि उन्होंने विभिन्न दलों के साथ गठबंधन वार्ता शुरू की थी, लेकिन 11 फरवरी को गौरव गोगोई ने उन्हें ढ्ढष्टस्न नेता रकीबुल हुसैन को बातचीत में शामिल करने को कहा।



### प्रधानमंत्री ने गूगल सीईओ सुंदर पिचाई से की मुलाकात

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट से इतर गूगल एवं अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई से यहां हैदराबाद हाउस में बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और गूगल द्वारा भारतीय छात्रों एवं पेशेवरों के साथ मिलकर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## फरवरी में ही गर्मी की दस्तक, 27 प्रमुख शहरों का तापमान सामान्य से ऊपर; रबी की फसलों पर खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** फरवरी को आमतौर पर सर्दियों का अंतिम महीना माना जाता है, लेकिन इस साल मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। महीने के पहले 15 दिनों में ही देश के अधिकतर हिस्सों में दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से ऊपर चला गया। 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 36 प्रमुख शहरों में से 27 में अधिकतम तापमान औसत से ज्यादा दर्ज किया गया, जबकि 20 राज्यों में कम से कम 10 दिनों तक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहा। कमजोर पश्चिमी विक्षोभों के कारण हुई कम सर्दी की बारिश और बेमौसमी गर्मी ने रबी फसलों, सब्जियों और पशुधन पर प्रतिकूल असर की आशंका बढ़ा दी है, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा पर दोहरा दबाव बनता दिख रहा है।

# राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव, 26 फरवरी से नॉमिनेशन



### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 7 सीटें खाली हो रही

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राज्यसभा की 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को इसका ऐलान किया है। जिन सांसदों का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है, उनकी जगह नए सदस्य चुने जाएंगे।

जिन राज्यों में सीटें खाली हो रही हैं, उनमें महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। इन राज्यों से चुने गए 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है।

**राज्य सभा चुनाव का शेड्यूल**

- 26 फरवरी: चुनाव की नोटिफिकेशन जारी होगा
- 5 मार्च: नामांकन की आखिरी तारीख है
- 9 मार्च : नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख
- 16 मार्च : सुबह 9 से शाम 4 बजे तक वोटिंग
- 20 मार्च : चुनाव पूरी प्रक्रिया खत्म कर ली जाएगी।

**बैलेट पेपर पर खास पेन से होगी वोटिंग-** चुनाव आयोग ने कहा है कि वोट डालते समय केवल रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिए गए तय मानक का वॉयलेट रंग का स्केच पेन ही इस्तेमाल होगा। किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। आयोग ने कहा है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे।

### 2027 में बसपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव : मायावती



**लखनऊ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। वह किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन से बसपा से नुकसान होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे भ्रामक खबरों पर ध्यान न देकर पार्टी को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। बसपा प्रमुख मायावती ने एक पत्रकारवार्ता में कहा है कि मीडिया में चर्चा है कि आगामी 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव बसपा गठबंधन में लडेंगी। उन्होंने कहा कि यह विशुद्ध रूप से पार्टी कार्यकर्तओं और लोगों को गुमराह करने के लिए फेक न्यूज चलवाई गई हैं। यह बिल्कुल गलत, झूठ और मनगढ़ंत खबर है। ऐसे में नेताओं के साथ-साथ मीडिया को भी इस प्रकार की कटी पतंग जैसी उड़ान भरके अपना मजाक खुद उड़ाने से बचना चाहिए।

# हिमाचल में ग्रामीणों ने बनाया 'आइस स्केटिंग रिंक', सरकार 10 साल में नहीं बना सकी

### 84 बच्चे ट्रेनिंग ले रहे, नेशनल से एशियन तक चमके

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल की राजधानी में एक दशक से ऑल वेदर आइस स्केटिंग रिंक बनाने के सरकारी दावे आज तक कागजों में सीमित हैं, लेकिन शिमला से सटे चियोग के स्थानीय लोगों ने अपने दम पर वह कर दिखाया, जो सरकार नहीं कर सकी। यहां ग्रामीणों ने अपने आराध्य देवता सोगू की जमीन पर पहाड़ी को समतल कर एक शानदार 'आइस स्केटिंग रिंक' तैयार किया है।

अब यहां एक-दो नहीं 84 बच्चे स्केटिंग में अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। इस पहल में ध्यान खींचने वाली बात यह है कि रिंक बिना सरकारी मदद के स्थानीय जागरूक लोगों के सामूहिक प्रयास और जुनून से तैयार हुआ है। ग्रामीणों ने पहले पहाड़ी को समतल किया और इंटरनेशनल स्टैंडर्ड (30×60 मीटर) का आइस स्केटिंग रिंक बनाया।

चियोग के इस रिंक में दूर-दूर से बच्चे आइस स्केटिंग सीखने पहुंच रहे हैं। स्केटिंग के प्रति बच्चों में ऐसी दीवानगी है कि सुबह छह-सात बजे, जब लोग ठंड के कारण बिस्तर में दुबके होते हैं, उस समय बच्चे यहां अभ्यास कर रहे होते हैं। ट्रेनिंग सुबह 7 से 10 बजे तक स्केटिंग होती है। दोपहर बाद 4 से 6 बजे तक ऑफ-आइस प्रेक्टिस कराई जाती है।

**गांव के रिंक से निकल रहे इंटरनेशनल खिलाड़ी :** इसी का परिणाम है कि कई बच्चे आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इस रिंक से 14 बच्चे इस साल ओपन नेशनल चैंपियनशिप, 6 बच्चे 'खेलो इंडिया' में भाग ले चुके हैं, जबकि मात्र 8 साल के रुद्रवीर गांगटा एशियन चैम्पियनशिप में मेडल जीत चुके हैं।



यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद अगर सही माहौल और मार्गदर्शन मिले, तो गांव के बच्चे भी अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकते हैं।

**एशियन चैम्पियनशिप में मेडल जीताः रुद्रवीर**

शिमला निवासी रुद्रवीर गांगटा ने बताया कि वह एक साल से चियोग रिंक में अभ्यास कर रहे हैं। यहां प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने नेशनल स्तर पर सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि एशियन चैम्पियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।

चियोग निवासी शुभम ठाकुर ने बताया कि वह दो साल से आइस स्केटिंग का अभ्यास कर रहे हैं। वह 'खेलो इंडिया' और एक नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। वहीं नोर्विन ने बताया कि उन्होंने नेशनल गेम्स में भाग लिया है। वह कोच प्रदीप कंवर और रविंद्र से स्केटिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### बच्चों के सपनों का केंद्र बना रिंक

चियोग का यह रिंक अब केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि गांव के बच्चों के सपनों का केंद्र बन चुका है। यहां से निकल रहे खिलाड़ी यह साबित कर रहे हैं कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती।

### राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना चुके कई बच्चेः रोबिन

स्थानीय निवासी रोबिन वर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आपस में पैसा इकट्ठा करके आइस स्केटिंग रिंक तैयार किया है। यहां 84 बच्चे रोजाना स्केटिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं और कई बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि चियोग रिंक में दिसंबर से लगातार स्केटिंग हो रही है। शुरुआत में जब बर्फ नहीं गिरी थी, तो शाम के समय रिंक में पानी डालकर बर्फ जमाई जाती थी। यह प्रक्रिया बेहद मुश्किल और चुनौतीपूर्ण होती है। बढ़ते तापमान के बीच बर्फ तैयार करना आसान नहीं होता। उन्होंने बताया कि कोच प्रदीप कंवर के मार्गदर्शन में बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि कोच रविंद्र भी लगातार बच्चों को स्केटिंग सिखा रहे हैं।

## सोनपुर में मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के दूसरे दिन 94 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली व दूसरी पाली में गणित की परीक्षा हुई। सोनपुर में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी चेकिंग तथा सख्ती के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा ने बुधवार को बतायी कि परीक्षा भवन में पहुंचने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों के पहने कपड़ो को महिला कर्मियों के द्वारा गहन जांच पड़ताल करने के बाद ही परीक्षा कक्षा में जाने की इजाजत दी गई.एसडीओ ने बताया कि सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों में कुल प्रथम पाली में 3658 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था जिसमें 3623 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली में 3459 में से 3400 परीक्षार्थी उपस्थित हुई जबकि 59 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियो में 7117 परीक्षार्थी को उपस्थित होना था जिसमें 7023 परीक्षार्थी उपस्थित रहे कुल 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हैरिटेज पब्लिक स्कूल सोनपुर - 508/506 ,दुतिये पाली में 599/593 शिशु संघ --471 / 468 दुतिये पाली में 313/311 ,कन्या हाई स्कूल पहाड़ीचक-353/350 , दुतिये पाली में 386/383 एसपीएस सेमिनरी स्कूल - 417/410 , दुतिये पाली में 453/433 वही शिव दुलारी हाई स्कूल - 382/380 , दुतिये पाली में 471/463 जबकि रामसुंदर दास महिला कॉलेज --545/540 दुतिये पाली में 460/455 वही नयागांव गूगल सिंह हाई स्कूल 982/969 दुतिये पाली में 777/762 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। दूसरे दिन गणित के परीक्षा होने के कारण परीक्षा भवन से निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को सभी प्रश्नों को उत्तर देने में कठिनाई हुई. दिमागी मेहनत करने के बाद पूछे गए प्रशन के उत्तर दिए।

## सोनपुर में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुर अनुमंडल अस्पताल स्थित एक निजी अस्पताल में इलाजरत 55 वर्षीय महिला की मौत बुधवार के हो गई है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक लीलावती देवी उम्र 55 वर्ष पति बहारन राय साकिन रहीमपुर थाना सोनपुर के निवासी है। महिला 16.2.26 को बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती हुई थीं जहाँ बुधवार के सुबह अस्पताल में ही ईलाज के दौरान उसकी मौत हों गई। परिजनों ने उक्त निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। घर के परिजनों व रिस्तेदार के द्वारा हों हल्ला हंगामा करने लगा। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की और हंगामा कर रहे लोगों को समझाने बुझाने की प्रयास किया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा थाने में अभी तक आवेदन नहीं दिया है। आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## दुरगौली में सड़क हादसा, साइकिल सवार वृद्ध गंभीर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के दुरगौली गांव में एक सड़क दुर्घटना में साइकिल से घर लौट रहे वृद्ध को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मशरक के दुरगौली टोला चकिया निवासी 75 वर्षीय राम सोहराई सिंह हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध साइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्ध को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

## टीबी से मृत्यु दर में रिकॉर्ड गिरावट, ट्रीटमेंट की सफलता दर ने पेश की मिसाल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) के खिलाफ चल रहे अभियान के बेहद सुखद और उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। हालिया आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, सटीक पहचान और समय पर उपचार से इस जानलेवा बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है।पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2021 में टीबी से मृत्यु दर 3.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर थी। लगातार प्रयासों, बेहतर निगरानी तंत्र और दवा की नियमित उपलब्धता के कारण वर्ष 2024 में यह घटकर मात्र 2.1 प्रतिशत रह गई है। यह लगभग 43 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। वर्तमान स्थिति में औसतन 68 मरीजों में 1 की मृत्यु हो रही है, जो पहले की तुलना में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## मशरक में प्रतिबंधित मार्ग पर ट्रक चलाने पर जुर्माना, अभियान रहेगा जारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौक से मशरक तरैया एसएच 73 पर प्रतिबंधित सड़क (नो-एंट्री) में ट्रक ले जाने के मामले में पुलिस ने वाहन चालक पर जुर्माना लगाया। जांच अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए इस तरह का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों द्वारा प्रतिबंधित मार्गों का उपयोग करने से जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्ती बरती जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत दंडनीय है। ऐसे मामलों में चालान काटा जाएगा और जरूरत पड़ने पर वाहन जब्त भी किया जा सकता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जाम और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा तथा वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों का पालन करने की अपील की गई है।

### चिकित्सक ने दी जानकारी

वरीय चिकित्सक डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और खांसने-छींकने से फैलता है। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, रात में पसीना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (ह्रञ्श्वक्क) के तहत मुफ्त जांच और दवा उपलब्ध कराई जाती है। मरीजों को पूरा कोर्स नियमित रूप से लेना अनिवार्य है।

## सूतीहार में एसबीआई एटीएम तोड़ लाखों की चोरी

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड के सूतीहार बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए मशीन तोड़कर लगभग लाखों रुपये की उड़ा लेने की बात सामने आ रही है जबकि पैसा कितनी थी उस का भी मुंबई से रिकॉर्ड आने के बाद स्पष्ट होगा। घटना की जानकारी सुबह होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों की भीड़ एटीएम के बाहर जमा हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण के डीआईजी, एसएसपी, ग्रामीण एसपी, डीएसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थानीय थाना पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जल्द से जल्द मामले के उद्भेदन का निर्देश दिया।प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। एटीएम के शटर और मशीन को क्षतिग्रस्त कर नगदी पर हाथ साफ किया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।स्थानीय थाना पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष रणनीति बनाई है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की तैयारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।इलाके के लोगों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और एटीएम केंद्रों की सुरक्षा सुदृढ़ करने की मांग की है। अब देखना है कि पुलिस कब तक इस सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश कर पाती है।

# देखा गया रमजान का चांद, आज से पवित्र माह रमजान

### जरूरतमंदों में वितरित किया गया रमजान किट

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** इबादतों, रहमतों व बरकतों का पवित्र महीना रमजान-उल-मुबारक का चांद बुधवार को देखा गया। शिया और सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद दिखने की घोषणा कर दी हैं। इसकी तस्दीक होते ही लोग गुरुवार से रमजान के रोजे रखने की तैयारी में मशगूल हो गये। सेहरी के इन्तेजाम में लोगों की भीड़ से बाजार गुलजार हो गए। शीरमाल, नान, बाकरखानी और दूध व मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी गयी। वहीं यह नियम है कि चांद देखे जाते ही रमजान की विशेष नमाज तरावीह की शुरुआत हो जाती है। लोग इसके लिए मस्जिद और चिन्हित जगहों पर पहुंचने की जल्दी में दिखे।

### सज गई खजूर की दुकानें, दाम 120 से 2000 तक

रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बाजार में बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं। इसके कई प्रकार हैं। जो 120 से लेकर 2000 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। ईरानी 130, कीमिया 270, रब्बी 300, फर्द 400, अम्बर 500, कूबा 1100, अजवा 2000 से 3000 रुपये और चटाई खजूर 100 रुपये किलो है।

### जरूरतमंदों को प्रदान किया गया रमजान किट

शहर के करीमचक स्थित फरहत कदा में जरूरतमंद लोगों को रमजान किट वितरण किया गया। मौके पर आयोजक समाजसेवी सैयद मेराज हुसैन ने कहा कि रमजान दया, त्याग और आपसी सहयोग का संदेश देता है। जरूरतमंदों का ख्याल रखना ही असली इबादत है। सक्षम लोगों को अपने आस-पास के जरूरतमंद लोगों का खास ख्याल रखना चाहिए। उनके साथ अपनी खुशियां बांटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की भलाई की कोशिशें समाज में प्यार, भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देती हैं। सामाजिक रिश्ते मजबूत करती हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से रमजान आने से पहले जरूरतमंद परिवारों में रमजान किट बांटने का काम चल रहा है। रोजेदारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन किट में बुनियादी जरूरतें शामिल की जाती हैं। ताकि वे गरिमापूर्ण तरीके से सेहरी और इफ्तार का आयोजन कर सकें। मौके पर डॉ शहजाद आलम, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मो समी-उज़-ज़मां अरशद, हसन इमाम खान, शाहिद अख्तर, राशिद, दस्तगीर, अरमान, अमन और मुहम्मद हुसैन आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित



लोगों ने इस कल्याणकारी पहल की सराहना की। इसे एक अनुकरणीय कदम बताया। समारोह के अंत में देश एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

### इबादत के लिए मस्जिदों में खास व्यवस्था

मस्जिदों की मरम्मत के साथ रंगाई-पुताई पहले से ही कर ली गयी है। तराहवी और नमाज-ए-जमात के लिए शहर व आसपास के विभिन्न मौलवियों को आमंत्रित किया गया है। शहर की तमाम मस्जिदों में रोजेदारों की सुविधा के लिए जरूरत की चीजें भी खरीदी गयी हैं। पुरुषों व बच्चों की इबादत से मस्जिदों में रौनक रहती है वहीं महिलाएं इबादत से घरों को रौशन करती हैं. प्रतिदिन तरह-तरह के पकवान मस्जिदों में भेजे जाते है जिससे लोग रोजा खोलते हैं। रमजान में शहर में काफी चहल-पहल रहती है।

## लूट की वारदात से नाराज आभूषण व्यावसायियों ने बंद रखीं एकमा सोनार पट्टी की दुकानें

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप चांदी के आभूषण व्यवसायी से हथियार के बल पर मंगलवार की शाम हुई लूट की घटना के विरोध में बुधवार को एकमा बाजार स्थित सोनार पट्टी की सभी सोना-चांदी की दुकानें सुबह से लेकर दोपहर बाद तक बंद रहीं। स्वर्ण व्यवसायियों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए अपराह्न तक कारोबार ठप रखा और घटना के खिलाफ कड़ी नाराज़गी जताया।एकमा स्वर्णकार व्यवसायी संघ के बैनर तले संघ के प्रतिनिधि अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में एकत्रित दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि लूट की गई राशि लगभग एक लिख 29 हजार 500 रुपए एवं लगभग 4.200 किलोग्राम चांदी के आभूषणों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए तथा वारदात में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।व्यवसायियों का कहना था कि दिनदहाड़े हथियार के बल पर हुई इस घटना ने पूरे बाजार में भय का माहौल बना दिया है। यदि समय रहते अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यवसायियों का आंदोलन और तेज किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने, बालू के स्कैनर की तरह सीसीटीवी कैमरे से अपराधियों की निगरानी सुदृढ़ करने तथा व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होने तक वे चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर विचार करेंगे।उल्लेखनीय है कि एकमा थाना क्षेत्र में छपराङ्कसीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर स्थित आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम दो बाइकों पर सवार छह नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर चांदी के आभूषण व्यवसायी परसागढ़ के कसेरा टोली निवासी सालिग्राम साह के पुत्र सोनू कुमार सोनी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित व्यवसायी सोनू द्वारा बताया गया है कि व्यवसायी रसूलपुर बाजार से चांदी के जेवर की आपूर्ति कर बाइक से एकमा लौट रहे थे, तभी रेलवे ओवरब्रिज के बीचों-बीच अपराधियों ने घेर लिया। अपराधियों ने उनके बैग में रखे लगभग 1,29,500 रुपए नकद, करीब दो से ढाई लाख रुपये मूल्य के चांदी के लगभग 4.200 किलोग्राम आभूषण, मोबाइल फोन एवं बाइक की चाबी लूट ली और महाराजगंज की दिशा में फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर एकमा थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध वारदात से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## ट्रेन की ठोकर से किशोरी अचेत, छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बुधवार की देर शाम मढ़ौरा के दक्षिणी रेलवे ढाला के नजदीक एक किशोरी ट्रेन की ठोकर से अचेत हो गई। जिसको स्थानीय लोगों ने मढ़ौरा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अज्ञात किशोरी की उपचार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेश कुमार द्वारा किया गया। पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सक द्वारा बताया गया कि एक अज्ञात किशोरी को इमरजेंसी में अस्पताल लाया गया, जो अचेत अवस्था में थी। उसके कान से खून बह रहा था, जिससे ऐसा लगा कि किशोरी को ब्रेन में चोट लगी है। स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में फौरी तौर पर समुचित इलाज कर छपरा सदर अस्पताल सरकारी एंबुलेंस से भेज दिया गया, ताकि उसे सीटी स्कैन कर ब्रेन की जख्म का पता चल सके। किशोरी की अचेत अवस्था में रहने के कारण पहचान नहीं हो पाया। उसकी उम्र लगभग 14-15 साल की होगी। वही अस्पताल लेकर पहुंचे लोगों द्वारा बताया गया कि लगभग शाम सात बजे पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने के बाद कोइ जख्मी किशोरी को रेलवे ट्रैक किनारे अचेत अवस्था में देखा और हल्ला किया तो कुछ स्थानीय लोगों ने उठाकर मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया। लेकिन किशोरी को काफी जख्म थे और अचेत



अवस्था में थी। जिससे घटना की कारणों का पता नही चल पाया, वही उसकी पहचान नहीं हो सकी। फिर से अज्ञात किशोरी का स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में समुचित प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से छपरा सदर अस्पताल भेज कर भर्ती कराया गया है।

## प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा फहराया गया शिव ध्वज, निकाली गई भव्य रैली

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** परमपिता परमात्मा त्रिमूर्ति शिव बाबा की 90वीं शिव जयंती के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जलालपुर सेवा केंद्र द्वारा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ शिव ध्वज फहराया गया तथा भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अंचल पदाधिकारी जलालपुर अविनाश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली स्थानीय राजयोग सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर प्रखंड मुख्यालय, मिश्रवलिया, दूबवलिया हनुमान मंदिर, पंडित महेंद्र मिसिर चौक होते हुए पुनः सेवा केंद्र पहुंची। रैली में परमात्मा शिव बाबा की आकर्षक झांकी के साथ भारत माता एवं लक्ष्मी-नारायण के दिव्य स्वरूप ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि शिव जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का संदेश है। समाज में



नैतिक मूल्यों, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा शिव का संदेश जन- जन तक पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके अनामिका दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव कलियुग के अंतिम समय में अवतरित होकर हम सभी आत्माओं को ज्ञान और योग के द्वारा सुख और शांति की दुनिया स्थापन करते है ।जलालपुर सेवा केंद्र की संचालिका बीके वीणा सहित आराधना, मुन्नी, ज्योति, प्रियांशु, सरिता, पूनम, खुशबू, अरविंद भाई, प्रभुनाथ भाई और किशन समेत कई भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## गोवर्धन विद्यापीठ स्कूल के वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा




**देवेन्द्र कुमार सिंह दैनिक खोज खबर।** रसूलपुर(एकमा)। स्थानीय चट्टी स्थित गोवर्धन विद्यापीठ का 56 वां वर्षगांठ बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच धूमधाम से मना. स्कूल के संस्थापक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डी के ओझा ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश व समाज के विकास की रीढ़ होती है. इसी उद्देश्य से उन्होंने शहर से दूर अपने गांव- जवार के बच्चों के लिए इस विद्यालय की स्थापना उन्होंने की थी. मुख्य अतिथि स्थानीय थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अभिभावकों को भी कुछ त्याग करना की जरूरत है. विद्यालय के अनुशासन में धैर्य पूर्वक अभिभावकों को सहयोग करनी चाहिए. विद्यालय के शिक्षक प्राचार्य विशु श्रीवास्तव, हंसराज कुमार,अतुल व्याहुत, रागिनी देवी,देवन्ती देवी आदि के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, बिरसा मुंडा व छतीसगढ़ी आदिवासी पारम्परिक नृत्य,महाभारत एक्ट, भस्मासुर वध , एकलव्य एक्ट आदि झांकी देख भारी संख्या में उपस्थित अभिभावक व अन्य भाव विभोर हो गये. मौके पर स्थानीय समाजसेवी सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, उमाकांत कुशवाहा, राजेश्वर सिंह,पूर्व सरपंच कृष्णानंद सिंह गांधी , त्रिभुवन दूबे, उज्जवल दूबे , पुरूषोत्तम यादव आदि उपस्थित रहे.

# सोनपुर पुरानी गंडक पुल के नदी में एक साधु के डूबने की आशंका

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुरानी गंडक पुल स्थित एक साधु के भेष में लोगों को चंदन टीका लगाते और अपना भरण पोषण कर रहे साधु बाबा अचानक बीते रात गंगा आरती के दौरान गंडक नदी में स्नान करने के क्रम में पानी में डूब गया. जिससे आसपास के लोगों ने हरिहरनाथ पुलिस की सूचना दी जहां रात्रि बेला में सर्च अभियान नहीं हो सका वहीं बुधवार के दोपहर में एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया फिर भी साधु के भेष में रहे 40 वर्ष के करीब साधु बाबा नहीं मिल पाए. समाजसेवी लालबाबु पटेल ने बताया कि साधु बाबा विगत 1 माह से ऊपर पुल घाट पर रहते थे और लोगों को चंदन टीका लगाते थे और अपना भरण पोषण भी करते थे साथ ही एक हलवाई के यहां कभी काल रहकर कार्य भी करते थे.अचानक नदी में स्नान करने के दौरान वह डूब गए हैं जिसकी जानकारी सोनपुर सीओ एवं हरिहरनाथ थाना को दी गई जहां बुधवार के शाम तक एसडीआरएफ की टीम के द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन साधु बाबा नहीं मिले जबकि उनके अंग वस्त्र, कंबल इस स्थान पर पड़ा हुआ था.जिस दुकान में साधु बाबा रहते एवं आसपास के लोगो ने बताया था कि वह समस्तीपुर जिले के रहने वाले हैं। इस संबंध में हरिहरनाथ थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बुधवार के शाम बताया कि एक साधु बाबा के डूबने की सूचना मिली जहां काफी खोजबीन की गई है लेकिन वह नहीं मिले हैं.लोगों द्वारा जानकारी मिली कि वह समस्तीपुर जिले के थे लेकिन उनका घर कहां था किस थाना के थे यह पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाई।



## युवती के अपहरण मामले में पिता पुत्र गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** करीब डेढ़ माह पहले थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के अपहरण मामले में नामजद पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अभियुक्त उभवा सारंगपुर गांव निवासी कुंवर साह और उसका पुत्र हरिकिशोर साह बताये जाते है. बताते चलें कि गत माह अभियुक्तों ने मारपीट कर युवती का अपहरण कर लिया था. इस मामले में अपहिता के भाई ने आधे दर्जन लोगों को नामजद किया था. वही पुलिस ने सारंगपुर गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे धंधेबाज राजेश सहनी को भी गिरफ्तार कर लिया. थानाध्यक्ष राजा राम ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया.

## बाइक के धक्के से जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के गोसी छपरा गांव के एक वृद्ध मंगलवार की देर शाम बाइक के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गए।बुधवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक वैद्यनाथ तिवारी उर्फ मुखिया जी (85) भेल्दी थाने के गोसी छपरा गांव के हैं। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव के वैद्यनाथ तिवारी उर्फ मुखिया जी अपने घर से मंगलवार को साइकिल से कटसा बाजार जा रहे थे तभी बाइक चालक ने ठोकर मार दी।बाइक के धक्के से वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हे इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद चिंताजनक स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया।बुधवार की शाम पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई।इधर, वृद्ध वैद्यनाथ तिवारी उर्फ मुखिया जी के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में जहां चीख-पुकार मच गई वहीं गांव में शोक की लहर फैल गई।पुत्र मनोज तिवारी, मिथिलेश तिवारी, पुत्री मीना देवी, निर्मला देवी, पूनम देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।मृत वैद्यनाथ तिवारी काफी मिलनसार थे और लोग बड़े प्यार से उन्हे मुखिया जी के नाम से पुकारते थे।उनके निधन से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत खैरा पुलिस ने दो मोबाइल सौंपी.

**नगरा।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल और सामान की बरामदगी का अभियान लगातार जारी है.इसी क्रम में खैरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुम हुए दो मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया है.बरामद मोबाइल डुमरी गांव की निवासी निशु कुमारी तथा छितरौली गांव की निवासी मोनिका सिंह को सौंपा गया.मोबाइल वापस मिलने पर दोनों परिवारों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया.यहां बताते चले कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी मदद से लगातार गुम मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाया जा रहा है,जिससे आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है.इस संबंध में खैरा के अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने मोबाइल धारकों को फोन सौंपा.वहीं खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि मोबाइल करीब एक वर्ष पहले गुम हुआ था. प्राथमिकी दर्ज कर टीम लगातार जांच में लगी थी,जिसके बाद मोबाइल बरामद कर वास्तविक धारकों को सौंप दिया गया.

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सारण प्रमंडल के तीनों जिले यथा - सारण, सिवान एवं गोपालगंज के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों (बीसीएम) की दो दिवसीय (17 एवं 18 फ़रवरी) समीक्षात्मक बैठक छपरा शहर स्थित निजी होटल में आयोजित की गई। यह बैठक वित्तीय वर्ष 2025- 26 को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (आरपीएमयू), सारण प्रमंडल द्वारा किया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक (आरपीएम) प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निदेशानुसार इस बैठक का उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ बनाना है। इसमें तीनों जिलों के जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम), प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक (बीसीएम) एवं डीडीए को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण तथा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को और मजबूत बनाया जाए। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया। वही प्रमंडलीय आशा समन्वयक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में आशा के भुगतान की प्रक्रिया बदल गई है। क्योंकि अब आईडी के माध्यम से भुगतान किया जाना है। इसीलिए सभी को आदेश दिया गया कि यथाशीघ्र आईडी बनवाया जाए ताकि समय पर आशा का भुगतान हो।इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## इसुआपुर के रामपुर अटौली में आज लगेगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड के रामपुर अटौली गांव में गुरुवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति यह शिविर सामाजिक कार्यकर्ता लब्ध प्रतिष्ठित लोकप्रिय शिक्षक स्वर्गीय भगराशन राम की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई है। यह मानवीय नेक कार्य उनके पुत्र राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय, सारण के जिलाध्यक्ष तथा जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश कुमार द्वारा अपने पिता की स्मृति में प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। शिविर में हड्डी रोग, शिशु रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग, दंत रोग, सर्जरी तथा फिजियोथेरेपी से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर फ्री में दवा भी उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही बीएमडी, यूरिक एसिड, विटामिन डी 3 , हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, केएफटी, तथा एलएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांच की सुविधा भी निःशुल्क दी जाएगी। टेनस, आईएफटी और अल्ट्रासोनिक थेरेपी की भी व्यवस्था की गई है।

## चोरी कांड जांच में शिथिलता से आजिज पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरसौली पांडेय टोला के योगेंद्र पांडेय के बंद घर से लगभग एक महीने पूर्व हुई चोरी की घटना की जांच में पुलिस द्वारा जांच में शिथिलता से आजिज पीड़िता पिंकी कुमारी ने एसपी सारण, डीआईजी सारण तथा डीजीपी पटना बिहार को लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि 22 जनवरी से 27 जनवरी के बीच उनके घर में चोरी की बड़ी वारदात हुई। जिसमें लगभग 20 लाख रुपए के आभूषण, 50 लाख रुपए नगद, टीवी तथा घर के समस्त कीमती सामानों की चोरी हो गई थी। घटना की एफआईआर इसुआपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। लेकिन घटना के लगभग एक महीने होने को हैं, बावजूद आज तक पुलिस प्रशासन द्वारा ना तो कोई प्रभावी खोज बीन की गई है और ना ही किसी प्रकार की छापेमारी या ठोस कार्रवाई की गई है। मामले में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। पीड़िता का यह भी कहना है कि चोरों द्वारा घर के बगल के झाड़ी में कुछ कपड़े एवं सामान फेंक दिए गए थे। जिसके सहारे पुलिस मामले का उद्भेदन कर सकती थी। पुलिस द्वारा खोजी कुत्ता बुलाने का भी आश्वासन दिया गया था। प्राथमिकी दर्ज करने के दो-तीन दिन बाद तक चोरों द्वारा फेंके गए सामान घर के सामने ही पड़े थे। जो बाद में संभवतः चोरों द्वारा ही साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उन्हें हटा दिया गया। पीड़िता ने विश्वास जताते हुए कहा है कि अगर खोजी कुत्ता समय रहते आ गया होता तो संभवतः मामले का उद्भेदन हो गया होता। इस बाबत थानाध्यक्ष इसुआपुर कमल राम का कहना है कि पुलिस मामले के उद्भेदन में लगी हुई है। टेक्निकल सेल तथा जिला तकनीकी टीम भी लगी हुई है। पुलिस इंस्पेक्टर और डीएसपी साहब भी खुद केश की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

# मेंसुरेशन ने उलझाया, तो हाइट एंड डिस्टेंस व कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री ने फंसाया

**मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में हुई गणित विषय की परीक्षा**



**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सिवान। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के के तत्वावधान में मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा हुई. गणित के प्रश्न पत्र में कुल 138 सवाल पूछे गए थे, जिसमें एक अंक के सौ सवाल, दो अंक के 30 सवाल व पांच अंक के आठ सवाल थे. इसमें 69 सवालों का हल परीक्षार्थियों को करना था, जिसका योग 100 अंक का था. प्रश्नपत्र में जिस चैप्टर से सवाल पूछे गए थे, उसमें हाइट एंड डिस्टेंस, ट्रिग्नोमेट्री, अलजेब्रा, रियल नंबर, कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री, सांख्यिकी, प्रोबेबिलिटी व मेन्सुरेशन प्रमुख था. उर्दू मध्य विद्यालय हरिहांस के शिक्षक मुर्तुजा अली ने बताया कि गणित विषय के प्रश्न पत्र न आसान था न कठिन. परंतु वहीं छात्र अच्छा स्कोरिंग कर पायेगा, जिसकी समझ अच्छी होगी. बताया कि जो परीक्षार्थी ठीक से पढ़ा होगा, ईमानदारी से प्रैक्टिस किया होगा, वह आसानी से सवालों को हल कर लिया होगा. उन्होंने बिहार बोर्ड की तारीफ करते हुए बताया कि ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को हल करके परीक्षार्थी आसानी से पास कर जायेगा. क्योंकि मिनिमम 33 फीसदी मार्क्स किसी भी विषय में पास के लिए निर्धारित किया गया है. लेकिन अच्छे मार्क्स के लिए अधिकतम प्रश्नों को हल करना बेहद जरूरी है. साथ ही दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को हल करने के लिए कांसेप्ट का क्लियर होना जरूरी है. वहीं परीक्षा देकर बाहर निकली चुलबुली कुमारी, आर्यन कुमार, रवि तनेजा, अजय यादव, अनिमेश गिरि, आनंद तोमर व मो अब्बास ने बताया कि दीर्घ उत्तरीय सवालों को हल करने में थोड़ी परेशानी हुई. पाइथागोरस का प्रमेय भी पूछा गया था, जिसकी आने की संभावना पहले से थी. निर्देशांक ज्यामिति व क्षेत्रमिति का सवाल थोड़ा कठिन था. दो अंक के सवाल आसानी से हल हो गए, परंतु पांच अंक के सवालों से पसीना छूट गया।

**दूसरे दिन दूसरे दिन 773 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दूसरे दिन बुधवार को 53 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई. परीक्षा के दौरान दोनों पाली से एक भी निष्कासन की सूचना नहीं थी. प्रथम और द्वितीय पाली में गणित विषय की परीक्षा हुई. जहां दूसरे दिन दोनों पालियों की परीक्षा में 773 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में आवंटन 26789 था. जबकि उपस्थित 26364 था. वहीं अनुपस्थिति 425 थे. वहीं दूसरी पाली में 27143 आवंटन था जबकि उपस्थिती 26795 था. वही अनुपस्थिति 348 थे. इसके पूर्व परीक्षा को लेकर सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राएं जुटने लगे थे. केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारियों द्वारा एक-एक कर सभी परीक्षार्थियों की जांच कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया. नकल विहीन परीक्षा को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के अलावा महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिता सिन्हा, एसडीपीओ अमन सहित अन्य अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे.

**मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित**

भगवानपुर हाट प्रखंड के चार हाई स्कूलों में चल रही मैट्रिक परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई. दोनों पालियों को मिलाकर कुल 2611 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2636 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी.इस प्रकार दूसरे दिन कुल 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व अनुशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है तथा मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके. उन्होंने बताया कि एस एस हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज भगवानपुर हाट में प्रथम पाली में 3 और द्वितीय पाली में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. वहीं इंद्र सिंह हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज हिलसड़ में प्रथम पाली में 2 तथा द्वितीय पाली में 2 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए.इसी प्रकार उत्क्रमित हाई स्कूल कौड़िया वसंती में प्रथम पाली में 4 और द्वितीय पाली में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि हाई स्कूल माघर में प्रथम व द्वितीय दोनों पालियों में एक-एक छात्र अनुपस्थित रहा. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे दिन गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई. परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया, जबकि परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पहले गेट बंद कर दिया गया. प्रवेश से पहले छात्रों की सघन जांच की गई और निर्धारित निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति दी गई.

HARBANSH CLINIC
Mob.- 8102700223
सुविधाएं
जोड़ो में दर्द, बांझपन, बी.पी. शुगर, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, लिवर सम्बन्धित बिमारी, कब्ज, गैस, अल्सर, सीने मे जलन, बच्चों की खाँसी-जुकाम निमोनिया, गुर्दे की पथरी, कान का बहना, चिंता तनाव, डिप्रेशन, सिर में दर्द व माइग्रेन, मिंगी, पागलपन इत्यादि बिमारियों की ईलाज की सुविधा।
डा0 आयुष
जेनरल फिजिसियन एवं शिशु रोग
B.A.M.S. (B.R.A.B.U. MUZ.)
Medical Officer S.M.S.J.A. COLL. & HOSP. Chapra
Ex-RMO Medstar Hosp. & Trauma Center, Dubagga (Lucknow
मिलने का समय :-
प्रत्येक दिन सुबह 9 बजे से संध्या 8 बजे तक
नोट :- हमारे यहाँ ऑक्सीजन एवं नेवोलाईजर कि सुविधा उपलब्ध है।
पता- आर.एन. कॉम्प्लेक्स, तरैया मशरख मोड़ से 20 मीटर पश्चिम (सारण)

## स्वर्ण व्यवसायी के घर डीआरआई ने की छापेमारी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार पुरानी बजाजी स्थित में एक स्वर्ण आभूषण के दुकान में बुधवार की देर शाम अचानक डीआरआई की टीम छापेमारी करने पहुंची। छापेमारी की सूचना मिलते ही सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर चुपचाप चले गए। छापेमारी के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यह छापेमारी दूसरी बार उक्त दुकानदार के यहां हुई है। छापेमारी के दौरान टीम को क्या बरामद हुआ इसकी जानकारी अधिकारियों द्वारा नहीं दी गई और जांच के बाद ही कुछ जानकारी स्पष्ट करने की बात कही गई।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओबर ब्रिज पर बाइक की टक्कर से एक साइकिल सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज हुआ। घायल की पहचान हुसैनगंज निवासी मुकुल साह के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार घायल मुकुल सब्जी बेचने से शहर आ रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बाइक वाले ने धक्का मार दिया। हालांकि बाइक वाले ने उसका इलाज कराया। घटना की जानकारी घायल के स्वजनों को दे दी गई थी।

## गहरे जलाशय में डूबने से किशोर की मौत

**सिवान।** जामो थाना क्षेत्र के हरिहरपुरकला गांव के चंवर में स्थित गहरे जलाशय में मंगलवार की देर शाम डूबने से एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार राम का पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई हैं। मिली जानकारी अनुसार अंकुश मवेशियों को चराने के लिए मंगलवार की संध्या चंवर में गया था। जिसके बाद अंकुश शौच के लिए पास के जलाशय के तरफ गया, जहां उसके पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया। काफी संघर्ष के बावजूद वह डूब गया। जब मवेशी अकेले घर लौट आए, तो परिवार को चिंता हुई तो खोजबीन शुरू की। इसके बाद स्वजनों ने उसे चंवर में तलाशना शुरू किया। जहां काफी प्रयास के बाद अंकुश का शव पानी से बरामद किया गया। वही सूचना पर पहुंचे जामो थानाध्यक्ष मोहन कुमार निर्मल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौत के बाद स्वजनों का रो- रो कर बुरा हाल हैं।

## विक्की हत्या कांड में युवती व पांच अज्ञात के खिलाफ ने दिया आवेदन

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के चांप ढाला के समीप सोमवार की देर रात ट्रेन से कटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआरी बिचला टोला निवासी ओसिहर यादव के पुत्र विक्की यादव के मामले ने जांच शुरू कर दी है। मृत विक्की के बड़े भाई रितिक कुमार ने पपौर निवासी एक युवती व पांच अज्ञात के खिलाफ आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाया है। रितिक ने अपने आवेदन में कहा है कि सोमवार को युवती के साथ मेरे भाई को चार से पांच अज्ञात बदमाशों ने पकड़ लिया और लेकर चले गए। इसके बाद रात्रि में हत्या कर शव को फेंक दिया। जब मैं अपने भाई के मोबाइल नंबर पर काल किया तो उसका मोबाइल बंद आने लगा। इसके बाद मंगलवार को पुनः काल किया तो युवती ने फोन रिसीव किया और कहा कि वह नहीं हैं। आवेदक ने आरोप लगाया है कि युवती ने साजिश व षड्यंत्र रचकर अपने मित्रों के साथ मिलकर मेरे भाई की हत्या कर दी है। वहीं आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि प्राथमिकी करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## सिवान – विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 31 गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 15, आर्म्स एक्ट में तीन, वारंट के कांड में छह, हत्या के प्रयास में तीन व विविध कांड में चार गिरफ्तारी की गई। वहीं 364 लीटर देसी शराब व 34.56 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 94 वारंट व छह कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 71 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं दो दो पहिया वाहन, एक पिस्टल, तीन गोली, दो चाकू, तीन मोबाइल अन्य सामान को बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

# परिभ्रमण- उच्च माध्यमिक विद्यालय पोखरेरा के छात्र छात्राओं को कौशल नवाचार से कराया अवगत



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय पोखरेरा के नवीं और दसवीं कक्षा के 35 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की टीम ने मढ़ौरा स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का परिभ्रमण किया। बुधवार को पहुंचे छात्रों के जत्थे को शैक्षणिक गतिविधियों, प्रायोगिक कक्षाएं और कॉलेज के नवाचार से अवगत कराया गया। इस दौरान पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में प्राध्यापक उपेंद्र कुमार गिरि, रजनीश कुमार सिंह, प्रतिभा कुमारी समेत अन्य ने कॉलेज के गतिविधियों से छात्रों अवगत कराया। शैक्षणिक परिभ्रमण पर आए शिक्षक ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में अनुशासन, सहयोग व सामाजिक समरसता का विकास होता है। इस तरह की यात्रा बच्चों को अलग-अलग जगह का परिवेश, रहन-सहन और नई चीजों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। शैक्षिक भ्रमण वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में कौशल अभ्यास का अवसर प्रदान करते हैं और शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ-साथ अपने कौशल को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। मालूम हो मुख्यमंत्री छात्र परिभ्रमण योजना के तहत विद्यालयों के नवीं से 11वीं तक के



कक्षाओं के छात्र छात्राओं के परिभ्रमण के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे एक समूह में अधिकतम 50 छात्र छात्राओं की टीम के लिए दो शिक्षकों को प्राधिकृत कर परिभ्रमण कराया जा रहा है ताकि बच्चों में नवाचार का विकास हो।

## अनियंत्रित बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौत

अररिया, एजेंसी। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर ओवरब्रिज चौक के पास सहरसा से जोगबनी जाने वाली यदुवंशी कृष्ण रथ ने मंगलवार शाम को विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार को टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों ने घायल बाइक सवार को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक नरपतगंज ब्लॉक के दरगाहीगंज गांव का रहने वाला 20 वर्षीय नीतीश कुमार पिता विक्रम पासवान है,जो अपनी मां को लेकर सिकटी के सोहागमारो में एक समारोह में भाग लेने गया था



और अपनी मां को छोड़कर वापस लौट रहा था।हादसे के बाद बस छोड़ चालक फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई। घटना के संदर्भ में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार को सहरसा से जोगबनी चलने वाली यदुवंशी कृष्ण रथ ने पहले टक्कर मारी।जिसके कारण बाइक एक दिशा में युवक दूसरी दिशा में गिर गया।स्थानीय लोगों ने शोरगुल मचाया,लेकिन बस को लेकर फरार होने के क्रम में बस का पिछला पहिया युवक के शरीर पर चढ़ गया,जिससे युवक बुरी तरह जख्मी हो गया।

## जवाबदेही का बदलता केंद्र- सत्ता से विपक्ष की ओर मुड़ता राजनीतिक नैरेटिव

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारतीय राजनीति के वर्तमान दौर में एक महत्वपूर्ण बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है—सवालों का केंद्र सरकार से हटकर विपक्ष की ओर खिसकता जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामान्यतः सत्ता पक्ष से जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है, क्योंकि नीतियाँ बनाने, संसाधनों का उपयोग करने और प्रशासनिक निर्णय लेने की वास्तविक शक्ति उसी के पास होती है। किंतु हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति उभरी है कि सरकार से कठिन प्रश्न पूछने के बजाय विपक्ष से ही यह पूछा जा रहा है कि वह क्या कर रहा है, उसकी भूमिका क्या है, और वह सरकार का विकल्प क्यों नहीं बन पा रहा है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष की एक सुविचारित राजनीतिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। नैरेटिव (वृत्तांत) को नियंत्रित करना आज की राजनीति का सबसे बड़ा औज़ार बन चुका है। जिस पक्ष के पास संवाद के माध्यम—मीडिया, सोशल मीडिया, प्रचार तंत्र—अधिक प्रभावी रूप से उपलब्ध हैं, वह विमर्श की दिशा तय करने में सक्षम होता है। ऐसे में यदि जनता का ध्यान सरकार की नीतिगत कमियों, बेरोज़गारी, महँगाई, कृषि संकट या संस्थागत स्वायत्तता जैसे मुद्दों से हटाकर विपक्ष की कथित विफलताओं पर केंद्रित कर दिया जाए, तो स्वाभाविक रूप से सत्ता पक्ष पर पड़ने वाला दबाव कम हो जाता है। इस रणनीति का दूसरा आयाम मनोवैज्ञानिक है। जब विपक्ष को लगातार रक्षात्मक मुद्रा में रखा जाता है—उसकी एकजुटता, नेतृत्व, विचारधारा या कार्यक्रम पर प्रश्न उठाए जाते हैं—तो वह अपनी ऊर्जा का बड़ा हिस्सा स्पष्टीकरण देने में खर्च करता है। परिणामस्वरूप वह आक्रामक राजनीतिक एजेंडा स्थापित करने की स्थिति में नहीं रह पाता। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल आलोचना तक सीमित नहीं होती; वह वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करने और जनता की असंतुष्टि को संगठित रूप देने का माध्यम भी होता है। किंतु यदि सार्वजनिक विमर्श ही इस प्रकार गढ़ा जाए कि विपक्ष लगातार 'क्यों नहीं कर पा रहा' के प्रश्नों में उलझा रहे, तो उसकी प्रभावशीलता स्वतः सीमित हो जाती है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक विमर्श के लिए एक चुनौती भी है। लोकतंत्र का मूल तत्व जवाबदेही है—और जवाबदेही का पहला दायित्व सत्ताधारी दल पर होता है। यदि सवाल पूछने की संस्कृति कमजोर होती है, या सवालों का फोकस बदल दिया जाता है, तो शासन की पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में सरकार से कठोर प्रश्न पूछना और विपक्ष से रचनात्मक विकल्प प्रस्तुत करने की अपेक्षा रखना—दोनों साथ-साथ चलते हैं। परंतु यदि संतुलन बिगड़ जाए और समूचा विमर्श



विपक्ष की कथित अक्षमताओं तक सिमट जाए, तो लोकतांत्रिक संतुलन डगमगाने लगता है। इसके साथ ही यह भी समझना आवश्यक है कि जनता का एक वर्ग इस बदलाव को इसलिए स्वीकार करता है क्योंकि उसे मजबूत नेतृत्व और निर्णायक शासन की छवि आकर्षित करती है। सत्ता पक्ष इस भावनात्मक आग्रह को समझते हुए अपने पक्ष में वातावरण तैयार करता है—जहाँ आलोचना को नकारात्मकता और प्रश्नों को विकास विरोधी बताया जाता है। इससे राजनीतिक संवाद का स्तर बदल जाता है और विमर्श नीतियों से अधिक छवियों के इर्द-गिर्द घूमने लगता है। अंततः प्रश्न यह नहीं है कि विपक्ष से सवाल क्यों पूछे जा रहे हैं; प्रश्न यह है कि क्या सरकार से सवाल पूछने की परंपरा समान रूप से जीवित है। लोकतंत्र की सेहत इसी संतुलन पर निर्भर करती है। यदि जनता, मीडिया और नागरिक समाज सत्ता और विपक्ष—दोनों से उनकी-उनकी भूमिका के अनुरूप जवाबदेही सुनिश्चित करें, तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत रह सकती है। अन्यथा राजनीतिक नैरेटिव का यह एकतरफा मोड़ भविष्य में संस्थागत और वैचारिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

# पचरुखी- युवक सह पत्रकार को गोली मारने के लिए तीन लाख में दी गई थी सुपारी, गिरफ्तारी के बाद हुआ खुलासा



**परवेज अख्तर/सिवान।** पचरूखी प्रखंड निवासी सह एक दैनिक अखबार (दैनिक जागरण नहीं) से जुड़े पत्रकार रमेश कुमार सिंह को 12 फरवरी की देर रात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था।वहीं पुलिस के अनुसार इस कांड को अंजाम देने के लिए जेल में बंद एक कुख्यात को तीन लाख में सुपारी दी गई थी। वहीं जांच के क्रम में यह बात भी सामने आई है कि जेल में बंद वह कुख्यात देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी बात कर रहा है क्यों कि कांड में जिसने कुख्यात को सुपारी दी है उनमें एक विदेश में फिलहाल है और वहां से उक्त कुख्यात से फोन पर बातचीत हो रही है। गिरफ्तार बदमाशों में सराय थाना क्षेत्र के वैशाखी निवासी वसीम अकरम, थाना क्षेत्र के चांप निवासी सुरेंद्र साह व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी मेराजुद्दीन अंसारी है। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। वहीं इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, तीन गोली, दो चाकू व चार मोबाइल बरामद किया है। मामले में एसपी पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 16 फरवरी को पचरुखी थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चौमुखा स्थित श्मशान घाट में कुछ व्यक्ति बैठकर किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पचरुखी थाना पुलिस टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुंच कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को देखकर सभी संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने अपना नाम वसीम अकरम, सुरेंद्र साह व मेराजुद्दीन अंसारी बताया। जांच एवं तलाशी के क्रम में इनके पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस, दो चाकू एवं चार मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में पचरुखी थाना अंतर्गत धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पत्रकार गोलीकांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। जांच से यह बात प्रकाश में आई कि 2022 से रमेश का जयगोविंद सिंह एवं भानुप्रताप सिंह उर्फ भानुप्रताप के साथ आपसी रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के कारण बिहार से बाहर रहकर जयगोविंद सिंह ने जेल में बंद कुख्यात बदमाश को तीन लाख रुपया में पत्रकार रमेश सिंह को गोली मारने का सुपारी दी गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेंद्र साह ने बताया कि उसकी मुलाकात उक्त कुख्यात बदमाश से जेल में हुई थी। उसी के माध्यम से इन तीनों अभियुक्तों को उक्त घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया था।

